प्रेस नोट– मुजफ्फरनगर
दिनांक– 11.04.2025

➢ **थाना मंसूरपुर पुलिस द्वारा ट्रांसफार्मर व तार चोरी के 02 अभियोगो का सफल अनावरण, दौराने पुलिस मुठभेड़ अर्न्तजनपदीय ट्रांसफार्मर व तार चोर गिरोह के 06 अभियुक्तगण गिरफ्तार(03 घायलशुदा)–**

दिनांक 10/11.04.2025 की रात्रि को प्र0नि0 श्री सुभाष बाबू अत्री थाना मंसूरपुर मय हमराहीगण द्वारा थाना मंसूरपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 19/2025 धारा 303(2) बीएनएस व मु0अ0सं0 90/2025 धारा 136 विधुत अधिनियम का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तगण 1. टीना उर्फ जोगिन्दर पुत्र संसार निवासी ग्राम बहलना थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।(घायल), 2. नौशाद पुत्र इकबाल निवासी ग्राम वसी थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर।(घायल), 3. जौनी पुत्र मुकेश निवासी ग्राम तुराबनगर थाना कोतवाली नगर गाजियाबाद।(घायल), 4. साहुल पुत्र उम्मेद अली निवासी ग्राम कुलन्जन थाना सरधना जनपद मेरठ, 5. अनुज पुत्र पवन निवासी ग्राम मदारपुरा थाना सरधना जनपद मेरठ व 6. एहसान अली पुत्र गुच्चन अली नि0 प्रेमनगर 100 फुटा रोड थाना लोनी गाजियाबाद को दौराने पुलिस मुठभेड़ हाईवे 58 पुल के पास बेगराजपुर गांव जाने वाले कच्चे रास्ते से घायल/गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 03 तमंचे मय 03 खोखा व 03 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 03 चाकू नाजायज, 01 आयशर कैन्टर नम्बर यूपी 15 यूटी 8869, ट्रांसफार्मर चोरी करने के उपकरण (रिंच, पाना, आँरी, हथौड़ा,क़टर आदि), चोरी किया गया 73 मीटर तार, काँपर क्वाइल व ट्रासफार्मर के अन्य उपकरण, 07 किलो एल्मुनियिम, 08 किलो काँपर व 01 लाख 40 हजार रूपये नगद बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मंसूपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 102/2025 धारा 109,3(4),317(2),317(5) बीएनएस व 3/4/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ **थाना खतौली प्‌लिस द्वारा चोरी के अभियोग का सफल अनावरण, 02 शातिर चोर अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

दिनांक 11.04.2025 को प्र0नि0 श्री बृजेश कुमार शर्मा थाना खतौली मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 124/2025 धारा 303(2) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तगण 1. सरफराज पुत्र गुलजार निवासी मौ0 काजियान थाना जानसठ, मुजफ्फरनगर व 2. रोहित कुमार उर्फ मोन्टी पुत्र ओमवीर निवासी ग्राम घनश्यामपुरा थाना रतनपुरी, मुजफ्फरनगर को ग्राम शाहुपर से राजवाहे की तरफ जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 01 मोटर साईकिल नम्बर यूपी 12 एएफ 8175, 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 चाकू नाजायज, 01 पिलास, 02 मोबाईल फोन, 11050 रूप्ये नगद व चोरी किया गया 01 वाटर कूलर कंप्रेसर बरामद किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खतौली पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 124/2025 में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि तथा मु0अ0सं0 144/25 धारा 3/4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

- **<u>थाना खालापार पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–</u>**

  दिनांक 11.04.2025 को थाना खालापार पर नियुक्त उ0नि0 श्री विकास सिंघल मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 846/11/2023 धारा 128 सीआरपीसी में वारण्टी अभियुक्त जुबैर पुत्र वासिल निवासी मौ0 जहांगीर पट्टी सुजड़ू थाना खालापार, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मस्कन से गिरफ्तार किया गया।